# भारत में मोल्दोवा का दूतावास

**[स्रोत: बिज़नेस ](#) स्टैण्डर्ड**

हाल ही में पूर्वी यूरोपीय देश **मोल्दोवा गणराज्य ने नई दिल्ली में अपने दूतावास** का उद्घाटन किया।

- वर्ष 1991 में **सोवियत संघ के पतन** और मोल्दोवा की स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1992 में भारत तथा मोल्दोवा के मध्य**राजनयिक संबंध स्थापित हुए**।

## मोल्दोवा:

- मोल्दोवा (पूर्व नाम: **बेस्सारबिया**) **यूक्रेन और रोमानिया की** सीमा से लगा एक **स्थलरुद्ध** देश है।
- **यह बाल्कन प्रायद्वीप के उत्तर-पूर्व** में स्थित है।
- **बाल्कन प्रायद्वीप दक्षिण-पूर्वी यूरोप** में अवस्थित है जिसका नाम बाल्कन पर्वत शृंखला **के नाम पर रखा गया है।**
- मोल्दोवा का अधिकांश भाग विशाल घुमावदार **प्रुत और डेनिस्टर नदियों** के बीच स्थित है।
- **यह कार्पेथियन पर्वतमाला** के महान चाप के पूर्व में स्थित है।
- **ट्रांसनिस्ट्रिया, डेनिस्टर नदी के पूर्व** में मोल्दोवा से विभाजित एक **छोटा-सा** क्षेत्र है।
- **ट्रांसनिस्ट्रिया पर रूस समर्थक अलगाववादियों** का नियंत्रण है, जहाँ स्थायी रूप से **रूसी सेना** के साथ-साथ एक बड़ा आर्म्स डिपो भी स्थित है।




**और पढ़ें:** रूस-यूक्रेन युद्ध में ट्रांसनिस्ट्रिया

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/opening-of-moldova-s-embassy-in-india